बिज़नेस रेडी (B-रेडी) रिपोर्ट 2024

# बिज़नेस रेडी (B-रेडी) रिपोर्ट 2024

स्रोत: बिज़नेस स्टैण्डर्ड

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में विश्व बैंक ने ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस रिपोर्ट के स्थान पर **बिज़नेस रेडी (B-रेडी) रिपोर्ट 2024** को लॉन्च किया है।

- **डेटा हेरफेर** के मुद्दों एवं कुछ रैंकिंग संबंधी **चिंताओं** के कारण वर्ष 2020 में ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस रिपोर्ट पर रोक लगा दी गई थी।

## बिज़नेस रेडी का क्या आशय है?

- **बेंचमार्किंग टूल: B-रेडी, निजी क्षेत्र के समावेशी विकास को** बढ़ावा देने के क्रम में वैश्विक कारोबारी माहौल का मूल्यांकन करने पर केंद्रित है।
- **दस मुख्य विषय: B-रेडी** के तहत बाज़ार में प्रवेश, संचालन (या विस्तार) और समापन (या पुनर्गठन) सहित फर्म के संचालन चरणों को शामिल किया गया है।
  - इसके दस मुख्य विषयों में **व्यवसाय में प्रवेश, व्यवसाय का स्थान, उपयोगिता सेवाएँ, श्रम, वित्तीय सेवाएँ, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, कराधान, विवाद समाधान, बाज़ार प्रतिस्पर्द्धा और व्यवसाय दिवालियापन** शामिल हैं।
- **B-रेडी के स्तंभ:** प्रत्येक विषय हेतु B-रेडी के तहत तीन स्तंभों को शामिल किया गया है।
  - **स्तंभ I: नियामक ढाँचा**- इसमें उन **नियमों और विनियमों** पर ध्यान केंद्रित किया गया है **जिनका फर्मों को अपने संचालन चरणों** के दौरान पालन करना चाहिये।
  - **स्तंभ II: सार्वजनिक सेवाएँ**- इसमें **सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाएँ और बुनियादी ढाँचा** शामिल है जिसके तहत **विनियामक अनुपालन एवं व्यावसायिक गतिविधियों** का समर्थन करने के साथ **डिजिटलीकरण, अंतर-संचालन तथा पारदर्शिता** पर ज़ोर दिया जाता है।
  - **स्तंभ III: परिचालन दक्षता**- इसके तहत यह देखना शामिल है कि **फर्म कितनी आसानी से विनियमों का अनुपालन** करने के साथ अपने परिचालनों से संबंधित सार्वजनिक सेवाओं का उपयोग कर सकती हैं।
- **संकेतक**: **B-रेडी के तहत नीतिगत सुधार** के अवसरों की पहचान करने के क्रम में **1,200 संकेतकों का** विश्लेषण करना तथा प्रत्येक विषय के प्रमुख पहलुओं पर प्रकाश डालने के लिये प्राथमिक स्रोतों से डेटा का उपयोग करना शामिल है।
- **तीन विषयवस्तु**: B-रेडी के तहत 10 विषयों में से **तीन प्रमुख विषयों का मूल्यांकन** करना शामिल है।
  - **डिजिटल परिवेश अपनाना**: इसके तहत व्यावसायिक वातावरण में सरकारों और व्यवसायों द्वारा **डिजिटल एकीकरण का मूल्यांकन** करना शामिल है।
  - **पर्यावरणीय स्थिरता:** इसके तहत **स्थिरता** पर ध्यान केंद्रित करते हुए व्यावसायिक परिचालनों को प्रभावित करने वाले विनियामक प्रावधानों का विश्लेषण करना शामिल है।
  - **लैंगिक दृष्टिकोण**: इसके तहत लिंग-विभाजित आँकड़ों के संग्रह एवं **लिंग-संवेदनशील विनियमों** और कार्यक्रमों के कार्यान्वयन का परीक्षण करना शामिल है।
- **स्कोरिंग**: B-रेडी के तहत प्रत्येक अर्थव्यवस्था के लिये **स्कोर के दो सेट** शामिल किये गए हैं।
  - **विषय स्कोर**: फर्म के लचीलेपन एवं सामाजिक लाभ को दर्शाने वाले संकेतकों के आधार पर, तीन स्तंभों के स्कोर का औसत।
  - **स्तंभ अंक**: **10 विषयों के अंकों का औसत, 0** से 100 तक मानकीकृत।
- **डेटा संग्रहण:** B-रेडी के तहत विनियामक एवं सार्वजनिक सेवा पहलुओं के लिये **विशेषज्ञ प्रश्नावली के माध्यम से एवं परिचालन दक्षता के लिये विश्व बैंक उद्यम सर्वेक्षण** के माध्यम से डेटा एकत्र करना शामिल है, जिसके तहत विशेषज्ञ डेटा को प्रतिवर्ष और फर्म-स्तरीय डेटा को प्रत्येक तीन वर्ष में अपडेट करने को महत्त्व दिया गया है।
- **वैश्विक विस्तार:** इसके तहत **वर्ष 2024 में 50 अर्थव्यवस्थाओं को** कवर करने के साथ वर्ष 2026 तक 180 को कवर करने की योजना है।
- **सुधार पर बल:** B-रेडी के तहत व्यावसायिक वातावरण के मूल्यांकन में **समावेशिता, स्थिरता तथा दक्षता पर ध्यान केंद्रित** किया जाना शामिल है।

//

**B-READY pillars define the scope of the project**




## ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस और B-रेडी इंडेक्स में अंतर

| पहलू | ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस (EoDB) | B-रेडी इंडेक्स |
|---|---|---|
| **उद्देश्य** | इसके तहत SMEs के विनियामक वातावरण के मूल्यांकन पर ध्यान केंद्रित किया गया। | इसके तहत **SMEs, श्रमिकों एवं उपभोक्ताओं सहित** निजी क्षेत्र के विकास का समग्र मूल्यांकन करना शामिल है। |
| **दायरा** | मुख्यतः विनियामक पहलू। | इसमें विनियामक पहलू, **विनियमों की गुणवत्ता तथा सार्वजनिक सेवाएँ** शामिल हैं। |
| **शामिल विषय** | यह कुछ प्रमुख विषयों तक सीमित है जैसे व्यवसाय शुरू करना, ऋण प्राप्त करना तथा करों का भुगतान करना। | **व्यापक:** इसमें किसी **फर्म के संचालन चक्र से संबंधित 10 विषयों** को शामिल किया गया है जिसमें व्यवसाय में प्रवेश, उपयोगिता सेवाएँ, श्रम और बाज़ार प्रतिस्पर्द्धा शामिल हैं। |
| **रूपरेखा** | इसके तहत फर्मों के लिये मुख्य रूप से **व्यापार सुगमता** पर ध्यान केंद्रित किया गया। | इसमें फर्म में अनुकूल वातावरण **(व्यापार सुगमता) तथा सामाजिक लाभ (समाज पर प्रभाव)** जैसे पहलू शामिल हैं। |
| **डेटा संग्रहण** | विशेषज्ञ परामर्श और केस स्टडी पर ध्यान केंद्रित किया गया है। | **संतुलित विधिक और वास्तविक परिप्रेक्ष्य** के लिये विशेषज्ञ परामर्श और फर्म-स्तरीय सर्वेक्षणों को संयोजित करता है। |
| **संकेतक** | सीमित संख्या में संकेतकों को कवर करने वाली लगभग **11 प्रश्नावलियों** का उपयोग किया गया। | विस्तृत जानकारी के लिये **21 प्रश्नावलियों और लगभग 1,200 संकेतकों** का उपयोग किया गया है। |
| **स्कोरिंग और रैंकिंग** | समग्र रैंकिंग और स्कोर तैयार किये गए, जिनकी अक्सर **अतिसरलीकरण के लिये आलोचना** की जाती है। | विषय और स्तंभ के आधार पर अलग-अलग अंक प्रदान करता है, तथा **समग्र रैंकिंग** के बजाय लक्षित सुधारों को प्रोत्साहित करता है। |
| **भौगोलिक कवरेज** | **191 अर्थव्यवस्थाओं** में मुख्य व्यापारिक शहर को कवर किया गया है। | राष्ट्रीय और स्थानीय विनियमनों पर ध्यान केंद्रित करते हुए **वर्ष 2026 तक 180 अर्थव्यवस्थाओं** तक विस्तार की योजना है। |
| **सार्वजनिक सेवाएँ** | सार्वजनिक सेवाओं पर सीमित ध्यान। | सार्वजनिक सेवाओं और उनकी परिचालन दक्षता का स्पष्ट मूल्यांकन करता है। |
| **क्रॉस-कटिंग थीम्स** | इसमें विशिष्ट विषय शामिल नहीं थे। | **डिजिटल अपनाने, पर्यावरणीय स्थिरता और लैंगिक समानता** पर ध्यान केंद्रित करता है। |
| **परिणामों का उपयोग** | मुख्य रूप से विनियामक बेंचमार्किंग और सुधार प्रेरणा के लिये। | सुधार, पारदर्शिता और डेटा पुनरुत्पादन के लिये कार्रवाई योग्य अंतर्दृष्टि प्रदान करता है। |
| **कार्यप्रणाली अद्यतन** | समय के साथ मामूली अद्यतन के साथ स्थैतिक कार्यप्रणाली। | गतिशील कार्यप्रणाली जो रोलआउट से प्राप्त फीडबैक और सबक के आधार पर विकसित होती है। |

## B-रेडी रिपोर्ट 2024 के वैश्विक निष्कर्ष क्या हैं?

- **सार्वजनिक सेवाओं में अंतर:** अर्थव्यवस्थाएँ अक्सर कड़े नियम बनाती हैं, लेकिन उनके प्रभावी कार्यान्वयन के लिये आवश्यक सार्वजनिक सेवाएँ प्रदान करने में विफल रहती हैं, जिससे एक महत्त्वपूर्ण **"सार्वजनिक सेवाओं में अंतर"** उत्पन्न होता है।

- **आय स्तरों में समावेशिता: रवांडा, जॉर्जिया और कोलंबिया जैसी उच्च प्रदर्शन वाली अर्थव्यवस्थाएँ** साबित करती हैं कि मज़बूत विनियामक ढाँचे तथा परिचालन दक्षता आय स्तरों में प्राप्त की जा सकती है।
- **डिजिटल और पर्यावरण संबंधी अभ्यास:** डिजिटल उपकरणों को एकीकृत करने वाली और हरित पहलों को प्राथमिकता देने वाली अर्थव्यवस्थाएँ उच्च स्कोर प्राप्त करती हैं, जो आधुनिक अभ्यासों के महत्त्व को दर्शाता है।
- **संतुलित विकास की आवश्यकता: एस्टोनिया और सिंगापुर** जैसी उच्च आय वाली अर्थव्यवस्थाएँ भी कराधान और विवाद समाधान जैसे क्षेत्रों में सुधार की गुंज़ाइश रखती हैं, साथ ही सुधारों की सार्वभौमिक आवश्यकता पर बल देती हैं।




## थिंक टैंक ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (GTRI) की भारत-विशिष्ट टिप्पणियां

- **भारत ने वर्ष 2024 B-रेडी रिपोर्ट** में भाग नहीं लिया। हालाँकि, थिंक टैंक GTRI द्वारा भारत-विशिष्ट कुछ टिप्पणियाँ की गई हैं।
- **व्यवसाय प्रविष्टि में मध्यम स्कोर:** भारत की व्यवसाय पंजीकरण प्रणाली **अधिक समय लेने वाली** है तथा इसमें पूर्ण **डिजिटल एकीकरण** का अभाव है।
- **सिंगापुर** जैसे देशों ने न्यूनतम लागत पर एक दिन में ऑनलाइन पंजीकरण कराकर वैश्विक मानक स्थापित किया है।
- **श्रम विनियमन में चुनौतियाँ:** [चार श्रम संहिताओं] को लागू करने के बावजूद, भारत को राज्यों में धीमी और असमान कार्यान्वयन का सामना करना पड़ रहा है, जिससे **श्रम बाज़ार का लचीलापन** और अनुपालन सहजता प्रभावित हो रही है।
- **व्यापार अकुशलताएँ:** भारत की सीमा शुल्क प्रक्रियाएँ विलंब, असंगत प्रवर्तन और उच्च रसद लागतों से ग्रस्त हैं, जबकि **जिर्मनी और सिंगापुर** व्यापार सुगमता में उत्कृष्ट हैं।
- **व्यावसायिक स्थान में कम स्कोर:** नियामक विसंगतियाँ और अनुमोदन में देरी से व्यावसायिक सुविधाओं की स्थापना में बाधा आती है, जिससे निवेश निर्णय प्रभावित होते हैं।
- **सकारात्मक पहलू:** भारत से **B-रेडी** के तीन प्रमुख स्तंभों में अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद है, जिससे **परिचालन और नियामक क्षेत्रों में इसकी मज़बूती** देखने को मिलेगी।

## बिज़नेस रेडी (B-रेडी) रिपोर्ट 2024 में क्या सिफारिशें हैं?

- **व्यावसायिक परिचालन को सुव्यवस्थित करना:** सिंगापुर की एकल-दिवसीय पंजीकरण प्रणाली जैसे मॉडलों से प्रेरित होकर, विलंब और लागत को कम करने तथा दक्षता बढ़ाने के लिये **व्यावसायिक पंजीकरण, विनियामक अनुमोदन और सीमा शुल्क प्रक्रियाओं** को सरल और डिजिटल बनाना

है।

- **सार्वजनिक सेवाओं और डिजिटिल परिवर्तन को मज़बूत करना:** अनुपालन और परिचालन दक्षता में सुधार के लिये **डिजिटिल उपकरणों** को बढ़ावा देते हुए कर पोर्टल, उपयोगिता पहुँच और विवाद समाधान तंत्र जैसी **प्रमुख सार्वजनिक सेवाओं** में निवेश करना।
- **स्थिरता और समावेशिता को बढ़ावा देना:** ऐसी नीतियाँ विकसित करना जो **पर्यावरण की दृष्टि से सतत् व्यावसायिक प्रथाओं को** प्रोत्साहित करना और समावेशिता को बढ़ावा देने तथा वैश्विक जलवायु लक्ष्यों के साथ संरेखित करने हेतु **लिंग-संवेदनशील विनियमों** को लागू करना।
- **सहकर्मी शिक्षण और सहयोग को सुविधाजनक बनाना:** अर्थव्यवस्थाओं को ज्ञान साझा करने और नियामक एवं परिचालन ढाँचे में नवीन प्रथाओं को अपनाने के लिये **सिंगापुर, रवांडा और एस्टोनिया जैसे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन** करने वाले देशों से सीखने हेतु प्रोत्साहित करना।
- **अनुकूलित सुधार अपनाना:** समावेशी और संतुलित आर्थिक विकास के लिये वैश्विक मानकों का पालन करते हुए विशिष्ट स्थानीय चुनौतियों का समाधान करने वाले **अनुकूलित नीति ढाँचे** तैयार करना।

**दृष्टि मेन्स प्रश्न**

प्रश्न: बिज़नेस रेडी (B-रेडी) रिपोर्ट 2024 का क्या महत्त्व है तथा वैश्विक व्यापार सुगमता आकलन (B-रेडी इंडेक्स) करने में यह पिछली ईज ऑफ डूइंग बिजनेस रिपोर्ट से किस प्रकार भिन्न है?

## यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा, पिछले वर्ष के प्रश्न (PYQs)

***[illegible]:***

**प्रश्न: 'व्यापार सुगमता सूचकांक (Ease of Doing Business Index)' में भारत की रैंकिंग समाचार-पत्रों में कभी-कभी दिखती है। निम्नलिखित में से किसने इस रैंकिंग की घोषणा की है? (2016)**

1. आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (OECD)
2. विश्व आर्थिक मंच
3. विश्व बैंक
4. विश्व व्यापार संगठन (WTO)

**उत्तर: (c)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/business-ready-b-ready-report-2024